# साप्ताहिक करंट अफेयर्स

## 14 अक्टूबर - 20 अक्टूबर, 2018



# राष्ट्रीय समाचार

## 1. भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार परिषद का चुनाव जीता

भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) का चुनाव जीत लिया है | एशिया-प्रशांत श्रेणी में भारत को 188 देशों का समर्थन मिला | इस जीत के साथ भारत को 12 अक्टूबर 2018 को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मानवाधिकार परिषद का तीन साल के लिए सदस्य चुन लिया गया है | भारत का कार्यकाल 01 जनवरी 2019 से शुरू होगा |

## 2. पूरे भारत में एकसमान ड्राइविंग लाइसेंस जारी किये जायेंगे

परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 से पूरे भारत में एक समान ड्राइविंग लाइसेंस की व्यवस्था की जाएगी | वर्तमान में भारत के राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश अलग-अलग ड्राइविंग लाइसेंस जारी करते हैं | रिपोर्ट के अनुसार 25 प्रतिशत से अधिक भारतीयों के पास एक से ज्यादा लाइसेंस हैं | इसी पर अब सभी का लाइसेंस एक जैसा होगा | जुलाई 2018 से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा में होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस एक तरह होंगे |

## 3. भारत के प्रधानमंत्रियों पर दिल्ली में संग्रहालय बनाए जाने की घोषणा की गई

भारत के प्रधानमंत्रियों पर एक संग्रहालय दिल्ली में स्थापित किया जाएगा | केन्द्रीय संस्कृति मंत्री डॉ. महेश शर्मा और आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 15 अक्टूबर 2018 को नई दिल्ली में तीन मूर्ति एस्टेट पर प्रस्तावित संग्रहालय की आधारशिला रखी | तीन मूर्ति एस्टेट के 23 एकड़ क्षेत्र में "भारत के प्रधानमंत्रियों पर एक संग्रहालय"स्थापित करने का फैसला किया गया है जो आवास और शहरी विकास मंत्रालय के अंतर्गत है | संग्रहालय इमारत परिसर का निर्मित क्षेत्र 10975.36 वर्ग मीटर होगा जिसमें 271 करोड़ रुपये की लागत से सभी स्तरों पर गैलरियों के साथ बेसमेंट, भूतल और प्रथम तल होगा |

## 4. केंद्र सरकार द्वारा स्वर्ण बॉन्ड योजना जारी की गई

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी जानकारी में कहा गया है कि तय कार्यक्रम के तहत सरकारी स्वर्ण बॉन्ड योजना अक्टूबर 2018 से फरवरी 2019 तक हर महीने जारी की जाएगी | गोल्ड बॉन्ड की बिक्री बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, मनोनीत डाकघरों एवं मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एवं बीएसई लिमिटेड के जरिए की जाएगी | योजना का पहला चरण निवेश के

लिए 15 अक्टूबर को खुलेगा और 19 अक्टूबर को बंद हो जाएगा | तो वहीं बॉन्ड 23 अक्टूबर को जारी किया जाएगा |

**5. आईआरसीटीसी ने 'Ask Disha' चैट बॉट लॉन्च किया**

भारतीय रेलवे के आईआरसीटीसी ने रेल यात्रा संबंधी पूछताछ का जवाब देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से एक नया चैट-बॉट शुरू किया है | इस सुविधा द्वारा रेलवे यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर जाकर यात्रा, ट्रेन, टिकट और कैटरिंग से जुड़ी जानकारियां हासिल कर सकेंगे | सुविधा आरंभ किये जाने के बाद आईआरसीटीसी ने दावा किया है कि देश में वह पहला सरकारी विभाग है, जिसने इस तरह का सिस्टम शुरू किया है |

**6. हिमाचल प्रदेश में सुरंग के अंदर देश का पहला रेलवे स्टेशन बनेगा**

हिमाचल प्रदेश में सुरंग के अंदर रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा जो देश में इस तरह का पहला स्टेशन होगा | हिमाचल प्रदेश के केलांग में बनने वाला यह स्टेशन समुद्र तल से तीन हजार मीटर की ऊंचाई पर होगा | यह चीन और भारत सीमा के लिहाज से रणनीतिक महत्व के भानुपल्ली-बिलासपुर-मनाली-लेह रेलमार्ग का हिस्सा है | कोलकाता एवं दिल्ली में कई ऐसे मेट्रो स्टेशन हैं जो जमीन के अंदर बने हैं, लेकिन देश में जल्द ही अब एक रेलवे स्टेशन भी ऐसा होगा जो सुरंग के भीतर बनाया जाएगा |

**7. बिहार की 'शाही लीची' को जीआई टैग प्राप्त हुआ**

बिहार के मुजफ्फरपुर में उगाई जाने वाली 'शाही लीची' को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त हुई है | बौद्धिक संपदा कानून के तहत 'शाही लीची'को अब जीआई टैग (जियोग्राफिकल आइडेंटिफिकेशन) दे दिया गया है | बिहार लीची उत्पादक संघ ने जून 2016 को जीआई रजिस्ट्री कार्यालय में 'शाही लीची'के जीआई टैग के लिए आवेदन किया था | जीआई टैग मिलने से 'शाही लीची'की बिक्री में नकल या गड़बड़ी की आशंकाएं काफी कम हो जाएंगी |

## अंतर्राष्ट्रीय समाचार और विदेश घटनाएं

**1. ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2018: भारत को 103वां स्थान प्राप्त हुआ**

हाल ही में ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट-2018 जारी की गई है | रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब भी काफी भुखमरी मौजूद है | ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2018 में कुल 119 देशों को शामिल किया गया जिसमें भारत 103वें पायदान पर है | भारत नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों से पीछे है, लेकिन पाकिस्तान से आगे है | पाकिस्तान इस रिपोर्ट में 106वें स्थान पर मौजूद है जबकि भारत पिछले वर्ष 100वें स्थान पर था | रिपोर्ट के अनुसार विश्व में 68 मिलियन लोग रिफ्यूजी कैंप में रहने को मजबूर हैं |

**2. भारत, चीन ने अफगानिस्तान ने राजनीतिज्ञो को प्रशिक्षित करने के लिए पहला संयुक्त कार्यक्रम शुरू किया**

भारत और चीन ने अफगानिस्तान के लिए अपने राजनीतिज्ञो को प्रशिक्षित करने के लिए अपना पहला संयुक्त कार्यक्रम शुरू किया है | बीजिंग में भारतीय दूतावास के अनुसार, अफगानिस्तान के भारतीय राजदूत, विनय कुमार ने 10 अफगान राजनीतिज्ञो की मेजबानी की जो अफगान राजनीतिज्ञो के लिए भारत, चीन और अफगानिस्तान के बीच त्रिपक्षीय सहयोग के तहत भारत-चीन संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भारत की यात्रा करेंगे |

**3. कनाडा कैनाबिस के उपयोग को वैध बनाने वाला दूसरा देश बना**

कनाडा कैनाबिस के पौधे के उपयोग को वैध बनाने वाला उरुग्वे के बाद दूसरा देश बन गया है | कनाडाई अब अपने घर में चार पौधों तक लगा सकते हैं और व्यक्तिगत उपयोग के लिए 30 ग्राम सूखे कैनाबिस को रख सकते हैं | कैनाबिस रखना कनाडा में पहले 1923 में एक अपराध बन गया था लेकिन 2001 से चिकित्सा उपयोग के लिए इसे वैध बनाया गया है |

**4. WEF इंडेक्स में भारत बना 58वां सबसे प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था वाला देश**

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) ने 16 अक्टूबर 2018 को प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं वाली 2018 की लिस्ट जारी कर दी है | इस सूचि में भारत 58वें नंबर पर है | सूची में अमेरिका इस साल शीर्ष पर रहा | वर्ष 2008 के बाद अमेरिका पहली बार नंबर-1 पर रहा है | वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का कहना है कि वर्ष 2017 के मुकाबले भारत के स्थान या रैंकिंग में पांच अंकों का सुधार हुआ है | इस रिपोर्ट में भारत 62 अंकों के साथ 58वें स्थान पर है | वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की लिस्ट में 140 देश शामिल हैं |

# नई नियुक्तियाँ और चर्चित व्यक्ति

**1. अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने पद से इस्तीफ़ा दिया**

पश्चिमी एशिया और यूरोप के काकेशस क्षेत्र में स्थित देश आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने 16 अक्टूबर 2018 को देश में जल्द संसदीय चुनाव करवाने के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा दे दिया | पाशिनयान ने आर्मेनिया के राष्ट्रपति सर्ज सरगिसयान के खिलाफ दो सप्ताह तक चले प्रदर्शनों के बाद मई 2018 में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी | पाशिनयान देश में जल्द चुनाव करवाकर अपने प्रतिद्वंदियों को सत्ता से बाहर रखना चाहते हैं |

**2. प्रियांक कनोन्गो NCPCR के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किये गए**

प्रियांक कनोन्गो को 03 साल की अवधि के लिए भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है | नवंबर 2015 से कनोन्गो आयोग के सदस्य रहे हैं |

**3. #MeToo आरोपों से घिरे विदेश राज्यमंत्री एमजे अकबर ने इस्तीफा दिया**

#MeToo आरोपों से घिरे विदेश राज्यमंत्री एमजे अकबर ने 17 अक्टूबर 2018 को इस्तीफा दे दिया. उनके ऊपर अब तक 20 महिला पत्रकारों ने #MeToo अभियान के तहत आरोप लगाए हैं | इससे पहले एमजे अकबर ने 14 अक्टूबर 2018 को अपने आधिकारिक विदेश दौरे से देश वापसी पर बयान जारी कर आरोपों पर अपना पक्ष रखा था. उन्होंने आरोपों को बेबुनियाद बताया था | अकबर पर पहला आरोप वरिष्ठ पत्रकार प्रिया रमानी ने लगाया था, जिसमें उन्होंने एक होटल के कमरे में इंटरव्यू के दौरान की अपनी कहानी बयां की थी | भाजपा सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल में पहली बार किसी मंत्री ने इस्तीफा दिया है |

**4. आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने पद से इस्तीफ़ा दिया**

पश्चिमी एशिया और यूरोप के काकेशस क्षेत्र में स्थित देश आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने 16 अक्टूबर 2018 को देश में जल्द संसदीय चुनाव करवाने के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा दे दिया | पाशिनयान ने आर्मेनिया के राष्ट्रपति सर्ज सरगिसयान के खिलाफ दो सप्ताह तक चले प्रदर्शनों के बाद मई 2018 में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी | पाशिनयान देश में जल्द चुनाव करवाकर अपने प्रतिद्वंदियों को सत्ता से बाहर रखना चाहते हैं |

# रक्षा एवं विज्ञान

**1. भारत और इंडोनेशिया के बीच समन्वयित गश्त का आयोजन**

भारत और इंडोनेशिया के बीच समन्वयित गश्त का आयोजन इंडोनेशिया में किया जा रहा है | हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के इरादे से भारत और इंडोनेशिया के बीच यह आयोजन चल रहा है | इसका आयोजना इंडोनेशिया के बेलवन में 12 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2018 के बीच किया जा रहा है | भारत और इंडोनेशिया के बीच तीन दशक से चल रहे अभ्यास इंड-इंडो कारपैट- 2018 का 32 वां संस्करण है | इस संयुक्त गश्त में दोनों देशों के पोत तथा एयरक्राफ्ट हिस्सा ले रहे हैं, दोनों देश अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा के 236 नॉटिकल मील के क्षेत्र में गश्त करेंगे |

**2. चीन ने विश्व के सबसे बड़े परिवहन ड्रोन का सफल परीक्षण किया**

चीन ने 16 अक्टूबर 2018 को विश्व के सबसे बड़े मानवरहित परिवहन ड्रोन का सफल परीक्षण किया | चीन के आधिकारिक मीडिया ने 17 अक्टूबर 2018 को इसकी जानकारी दी | यह परिवहन ड्रोन डेढ़ टन तक भार ढो सकता है | सरकारी समाचार पत्र 'चाइना डेली'की एक रिपोर्ट के अनुसार परिवहन ड्रोन फीहोंग-98 का विकास 'चाइना एकेडमी आफ एयरोस्पेस इलेक्ट्रोनिक्स टेक्नोलोजी'ने किया है |

make MY exam

# पुस्तकें व् लेखक

**1. उपराष्ट्रपति ने अनुमोलू रामकृष्ण की जीवनी 'बिल्डिंग ए लेगेसी' का अनावरण किया**

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने भारतीय निर्माण क्षेत्र में अभिनव प्रणालियों और निर्माण तकनीकों के उपयोग में अग्रदूत स्वर्गीय अनुमोलू रामकृष्ण की जीवनी का अनावरण किया | 'बिल्डिंग ए लेगेसी' नामक जीवनी चार्टर्ड एकाउंटेंट वी पट्टाभी राम द्वारा लिखी गई है | लार्सन एंड टुब्रो में पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रामकृष्ण को 2014 में मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था |

**2. एना बर्न्स ने उपन्यास 'मिल्कमैन' के लिए मैन बुकर पुरस्कार 2018 जीता**

उत्तरी आयरलैंड की लेखिका एना बर्न्स को वर्ष 2018 के मैन बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया है | उन्हें उनके उपन्यास 'मिल्कमैन' के लिए यह सम्मान दिया गया है | इस घोषणा के साथ ही एना बर्न्स इस पुरस्कार को जीतने वाली पहली नॉर्दन आईरिश लेखिका बन गई हैं | यह उनका तीसरा उपन्यास था

| बन्र्स को इस पुरस्कार के साथ 50 हजार पाउंड भी दिए जाएंगे | बर्न्स की किताब को लेकर जजों ने कहा कि मिल्कमैन अद्भुत किताब है | साथ ही उन्होंने कहा कि इस किताब में उस युवती के दर्द का बखूबी अहसास कराया गया है |

**3. रीमा हूजा द्वारा लिखी गयी "महाराणा प्रताप पर" महाराणा प्रताप: द इनविंसिबल वारियर" नामक पुस्तक का अनावरण**

इतिहासकार रीमा हूजा द्वारा महाराणा प्रताप पर "महाराणा प्रताप: द इनविंसिबल वारियर" नामक एक नई पुस्तक लिखी गई है | पुस्तक महान राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप के जीवन का वर्णन करती है और हल्दीघाटी की प्रसिद्ध लड़ाई का भी व्याख्यान करती है |

## खेल

**1. नोवाक जोकोविच ने चौथी बार जीता शंघाई मास्टर्स ओपन ख़िताब**

सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने क्रोएशिया के बोर्ना कोरिक को 6-3, 6-4 से हराकर 14 अक्टूबर 2018 को चौथी बार शंघाई मास्टर्स टेनिस का खिताब जीत लिया | दूसरी सीड जोकोविच ने पुरुष एकल के फाइनल में 13वीं सीड कोरिक को एक घंटे 37 मिनट में पराजित किया | इससे पहले जोकोविच ने वर्ष 2012, वर्ष 2013 और वर्ष 2015 में जीत हासिल किया था | इस खिताबी जीत के बाद जोकोविच विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज राफेल नडाल के रैंकिंग अंक के करीब पहुंच गए हैं | मौजूदा समय में शानदार फॉर्म में चल रहे 14 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच का यह लगातार 18वीं जीत है |

**2. लिंडर पेस ने सैंटो डोमिंगो ओपन ट्रॉफी जीती**

भारतीय टेनिस लेजेंड लिंडर पेस ने सीजन का अपना दूसरा चैलेंजर-स्तरीय खिताब जीता है, उन्होंने सैंटो डोमिंगो ओपन ट्रॉफी का ख़िताब साथी मिगुएल एंजेल रेयस-वेरेला के साथ जीता है | दूसरा-वरीयता प्राप्त इंडो-मेक्सिकन जोड़ी ने लगातार दूसरा फाइनल खेला, उन्होंने सैंटो डोमिंगो डोमिनिकन रिपब्लिक में एक घंटे और 26 मिनट तक चला इस कड़े मुकाबले में एरियल बेहार और रॉबर्टो क्विरोज को 4-6, 6-3, 10-5 से हराया |

# पुरस्कार

## 1. ऊर्जा मंत्री ने 'सौभाग्य' के अंतर्गत पुरस्कार योजना लांच की

विद्युत तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आर.के. सिंह ने बिजली वितरण कम्पनियों/राज्यों के विद्युत विभाग तथा उनके कर्मचारियों को संचालन क्षेत्र में 100 प्रतिशत घरों में विद्युतीकरण के लक्ष्य को हासिल करने में मदद देने के लिए 15 अक्टूबर 2018 नई दिल्ली में सौभाग्य योजना के अंतर्गत पुरस्कार योजना की घोषणा की | यह पुरस्कार बिजली वितरण कम्पनियों डिस्कॉम/राज्यों के विद्युत विभागों के स्तर पर 100 प्रतिशत घरों में विद्युतीकरण लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिए जाएंगे | सौभाग्य लांच होने के पहले 8 राज्यों (आंध्र प्रदेश, गुजरात, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, पंजाब और तमिलनाडु) ने 99 प्रतिशत से अधिक घरों के विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल कर लिया है और यह राज्य पुरस्कार योजना में शामिल होने योग्य बन गए हैं |

## 2. सिक्किम ने संयुक्त राष्ट्र से विश्व के पहले पूर्ण जैविक राज्य का पुरस्कार प्राप्त किया

सिक्किम ने 15 अक्टूबर 2018 को संयुक्त राष्ट्र समर्थित फ्यूचर पॉलिसी अवार्ड (FPA) जीता | सिक्किम को यह पुरस्कार राज्य को पूर्ण रूप से जैविक राज्य में तब्दील करने के लिए बनाई गई नीतियों के कारण दिया गया है | पुरस्कार आयोजकों ने इस अवसर पर कहा कि राज्य की नीतियों से जहां 66,000 किसानों को फायदा हुआ है | वहीं पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही अन्य देशों के लिए उदाहरण भी प्रस्तुत किया है | सिक्किम के मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग ने यह पुरस्कार ग्रहण किया |

## 3. एच एम पर्नल को विश्व कोंकणी पुस्तक पुरस्कार दिया गया

सुप्रसिद्ध लेखक, पत्रकार और आलोचक एचएम पर्नल के कोंकणी में लघु कहानियों के संग्रह 'बीग अणि बीगाथ' को वर्ष 2018 के लिए कोंकणी सर्वश्रेष्ठ पुस्तक पुरस्कार प्रतिष्ठित 'विमला वी पाई विश्व' दिया गया | एचएम पर्नल उडुपी जिले के पर्नल के एक मूल निवासी हेनरी एम मेंडोंका का उपनाम है, जो वर्तमान में मंगलुरु में रहते हैं | कोच्चि के कोंकणी कवि शरथचंद्र शेनॉय ने अपनी पुस्तक 'इदाम ना मामा' के लिए विश्व कोंकणी सर्वश्रेष्ठ कविता पुरस्कार जीता, जबकि उत्तरा कन्नड़ के विश्वनाथ एम शेट ने विश्व कोंकणी लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार जीता | प्रत्येक पुरस्कार में एक लाख रुपये, एक प्रमाण पत्र, स्मृति और शाल शामिल होता है |

## 4. खय्याम को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए हृदयनाथ पुरस्कार के लिए नामित किया गया

'खय्याम' के नाम से प्रसिद्ध राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक मोहम्मद ज़हूर खय्याम हाश्मी, को इस वर्ष के लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए हृदयनाथ पुरस्कार के लिए नामित किया गया है | हृदयेश कला द्वारा स्थापित, इस पुरस्कार में 100,000 रुपये का नकद पुरस्कार और एक स्मृति चिन्ह शामिल है और उन्हें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा सम्मानित किया जाएगा |

## महत्वपूर्ण दिवस

**1. अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस 15 अक्टूबर को मनाया गया**

विश्व भर में 15 अक्टूबर 2018 को अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस मनाया गया. इस वर्ष का विषय था - सस्टेनेबल इन्फ्रास्ट्रक्चर, सर्विसेज एंड सोशल प्रोटेक्शन फॉर जेंडर इक्वलिटी एंड द एम्पावरमेंट ऑफ़ रूरल वीमेन गर्ल्स |इस दिवस का उद्देश्य कृषि विकास, ग्रामीण विकास, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण गरीबी उन्मूलन में ग्रामीण महिलाओं के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना हैं | विदित हो विकासशील देशों में लगभग 43 प्रतिशत महिलाएँ कृषि श्रमिक के रूप में कार्य करती हैं और खाद्य क्षेत्र से जुड़ी रहती हैं |

**2. अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस 13 अक्टूबर को मनाया गया**

विश्वभर में 13 अक्टूबर 2018 को अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस मनाया गया | यह दिवस आपदा रहित समाज का निर्माण करने के लिए नागरिकों तथा सरकार को प्रोत्साहित करता है | इसका मुख्य उद्देश्य है आपदा जोखिम को कम करना और सुरक्षित समुदाय बनाना | वर्ष 2018 के अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस का विषय 'आपदा आर्थिक नुकसान को कम करना' (Reducing Disaster Economic Losses) रखा गया है |

**3. अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस 17 अक्टूबर को मनाया गया**

विश्वभर में 17 अक्टूबर 2018 को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस मनाया गया | इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्व समुदाय में गरीबी दूर करने के लिए किये जा रहे प्रयासों के संबंध में जागरूकता बढ़ाना है | संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेर्रेस ने 15 अक्टूबर को आयोजित वर्ष 2018 अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर वक्तव्य जारी कर सभी को गरीबी उन्मूलन के लिए

विज्ञान-प्रौद्योगिकी के विकास को बढ़ाने की अपील की | ताकि वर्ष 2030 तक गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य पूरा किया जा सके |

# निधन

**1. माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक पॉल एलेन का निधन**

माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक पॉल एलेन का 15 अक्टूबर 2018 को निधन हो गया | वे 65 वर्ष के थे | पॉल एलेन कैंसर से पीड़ित थे तथा लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे | उन्होंने 70 के दशक में बिल गेट्स के साथ मिलकर माइक्रोसॉफ्ट की नींव रखी थी | गौरतलब है कि पॉल एलेन ने दो सप्ताह पहले ही सार्वजनिक तौर पर कहा था कि उन्हें दोबारा नॉन हॉजकिन्स लिम्फोमा (एक प्रकार का कैंसर) ने घेर लिया है | नौ साल पहले भी इसका इलाज कराया था, लेकिन बीमारी दोबारा लौट आई |

**2. उत्तराखंड के पूर्व सीएम एनडी तिवारी का निधन**

उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी का 18 अक्टूबर 2018 को निधन हो गया | उन्होंने दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली | एनडी तिवारी का निधन उनके जन्मदिन के दिन हुआ | वे 93 वर्ष के थे | नारायण दत्त तिवारी देश के पहले ऐसे राजनीतिज्ञ थे, जिन्हें दो-दो राज्य का मुख्यमंत्री होने का गौरव प्राप्त हुआ | वे नेहरू-गांधी के दौर के उन चंद दुर्लभ नेताओं में थे, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में सक्रिय योगदान दिया | वे उत्तर प्रदेश के तीन बार और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद पर रह चुके हैं | उनकी गिनती कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में होती थी | वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे |


Thinking of Govt. Job.....
Think IBT
IBT™
IBT INSTITUTE PVT. LTD
India's #1 Institute
100+
Centers Across India
8000+
Selections in last 1 year
13500+
Selections in SSC/FCI/LIC Insurance & State Level Jobs
3500+
Selections in SSC CGL Examination
2000+
Final Selections in IBPS CLERK-2016
500+
Final Selections in IBPS PO-2016
350+
Students Qualified SBI-PO Pre Exam-2017
200+
Students Qualified NDA/CDS Defence Exam
CORPORATE OFFICE:- OPPOSITE V3S MALL, LAXMI NAGAR, DELHI
HEAD OFFICE:- SCO-117-118, PUDA POCKET-II, OPP. BUS STAND, JALANDHAR
Toll Free Helpline:- 1800-102-0546, Helpline: 011-43037304, 96 96 96 00 29
www.ibtindia.com
headoffice@ibtinstitute.com